भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4247
19 अगस्त, 2025 को उत्तर के लिए

सेल और उसकी सहायक कंपनियों के कामकाज की समीक्षा

4247. श्री तमिलसेल्वन थंगाः
डॉ. गणपथी राजकुमार पी.:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केंद्र सरकार ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और उसकी सहायक कंपनियों के कामकाज की समीक्षा करने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) सेल के अंतर्गत कार्यरत सहायक कंपनियों की कुल संख्या और नाम-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) विगत तीन वर्षों में सेल और उसकी सहायक कंपनियों द्वारा अर्जित कुल लाभ/हानि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री (श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)

(क) से (ग): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और उसकी सहायक कंपनियों के प्रदर्शन की निगरानी के लिए सरकार द्वारा नियमित आधार पर उनके कामकाज की समीक्षा की जाती है। सेल के अधिकार क्षेत्र में एक परिचालन सहायक कंपनी अर्थात् सेल रिफ्रैक्टरी कंपनी लिमिटेड (एसआरसीएल) कार्यरत है।

(घ) सेल और उसकी सहायक कंपनी द्वारा पिछले 03 वर्षों में अर्जित कुल लाभ/हानि निम्नानुसार है:-

सेल और उसकी सहायक कंपनी द्वारा अर्जित लाभ कर पूर्व लाभ (पीबीटी)		
		(रु./करोड़)
वर्ष	**सेल**	**एसआरसीएल**
2022-23	2637	24
2023-24	3688	28
2024-25	3009	23

*****